

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में आए कोरोना के 44 मामले, 144 मरीज हुए ठीक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना का प्रसार अब लगातार कम होता जा रहा है। मंगलवार को प्रदेश में कोराना के 44 नए मामले आए। वहीं मंगलवार को एक भी मरीज की मौत नहीं हुई है। इधर, विभिन्न जनपदों में 144 मरीज ठीक भी हुए हैं। अच्छी बात ये है कि उत्तराखंड में कोरोना के सक्रिय मामले अब घटकर 819 रह गए हैं। कोरोना संक्रमित 7341 मरीजों की मौत भी अब तक हो चुकी है।

### मुफ्त बिजली मामले में राजनीतिक दलों से शपथ पत्र ले जनताः मोर्चा

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि कुछ दिनों से तमाम राजनैतिक दल आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए 100–200–300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की बात कर रहे हैं, जिससे जनता को अत्याधिक सचेत रहने की जरूरत है। नेगी ने कहा कि प्रदेश की जनता को सबसे पहले यह समझना होगा कि विभाग द्वारा प्रतिमाह प्रति 100 यूनिट पर विद्युत दर एवं फिक्स्ड चार्जेस निर्धारित किए हुए हैं, जिसके तहत वर्तमान में विभाग द्वारा प्रतिमाह 100 यूनिट तक विद्युत मूल्य 2.80 रु, 200 यूनिट तक 4.00 रु, 400 यूनिट तक 5.50 रु तथा 400 यूनिट से अधिक पर 6.25 रु निर्धारित किया हुआ है।

### स्वदेश दर्शन में संवर रहा उत्तराखंड पर्यटन

**संवाददाता** देहरादून। स्वदेश दर्शन योजना से उत्तराखंड पर्यटन नए कलेवर में निखरकर सामने आ रहा है। योजना के तहत टिहरी में ईको एवं एडवेन्चर डेस्टिनेशन के लिए 69.71 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। जबकि योजना के तहत होने वाले सभी विकास कार्यों को पूरा कर लिया गया है। टिहरी झील के समग्र विकास के लिए शासन की ओर से चिन्हित किए गए कार्यों की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### स्केचर्स फोमीज लेकर आया है रंग–बिरंगे और आरामदायक फुटवेयर

**संवाददाता** देहरादून। कम्फर्ट टेक्नोलॉजी कंपनी स्केचर्स ने स्केचर्स फोमीज के नाम से एक नया और रंग–बिरंगा कलेक्शन लॉन्च किया है। इन्हें हल्के वजन वाले ईवीए फोम से तैयार किया गया है, जो पूरे दिन आराम देता है। ये फुटवेयर आपके पास जरूर होने चाहिये। स्केचर्स फोमीज कलेक्शन में सैंडल्स और स्लिप–ऑन स्टाइल्स की एक रेंज है, जिन्हें रोजाना पहने जाने वाले कपड़ों के साथ इस्तेमाल करने लिये तैयार किया गया है।

# कमजोर वर्ग पर अधिक फोकस करने के निर्देश

■ सीएस ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक की

■ योजनाओं के टारगेट को ससमय प्राप्त किया जाए

**निर्देश**

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि कोविड की पहली और दूसरी लहर के कारण हमारे कार्य करने तरीके में परिवर्तन आया है। कोविड के कारण हमने कुछ योजनाओं में अधिक फोकस किया है कुछ में कम। उन्होंने कहा कि अब परिस्थितियां बदल रही हैं, अब समय है कि योजनाओं को शीघ्र से शीघ्र धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि योजना के पूर्ण होने के बाद आम पब्लिक का फीडबैक लेने के बाद ही किसी योजना की सफलता और असफलता माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाएं धरातल पर उतर सकें इसके लिए हम सभी को अपनी–अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के टारगेट को ससमय प्राप्त किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग पेंडेंसी खत्म करें। पेंडेंसी एक बड़ी समस्या है, इसे अभियान चला कर खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिला योजना के अप्रूवल 31 मार्च तक ले लिए जाने चाहिए ताकि नए सत्र का कार्य 1 अप्रैल से शुरू किया जा सके। इसके लिए प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने शिकायत निवारण के क्षेत्र में कमजोर वर्ग पर अधिक फोकस करने के निर्देश दिए। कहा कि कार्यों में तेजी लाते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न हो।

प्रमुख सचिव आर सुधांशु ने कहा कि योजनाओं की गुणवत्ता जांच के लिए निश्चित समयांतराल में मॉनिटरिंग की जाए। बेनिफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम्स को समय से पूर्ण किया जाए। सचिव ऊर्जा श्रीमती राधिका झा ने कहा कि इंटीग्रेटेड सोलर फार्मिंग एवं पिरूल से विद्युत उत्पादन में काफी अच्छा कार्य चल रहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना में आवेदकों को ऋण दिलाने आदि में सहयोग किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ ले सकें।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार, प्रमुख सचिव एल. फैनई, सचिव सुशील कुमार एवं आर. राजेश कुमार भी उपस्थित थे।

### महाराज ने दिये पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सभी रिक्त पदों को भरने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विभागों में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने और चमोली स्थिर घेस ट्रेक को खोलने की बात कही है। प्रदेश के पर्यटन एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद, गढ़ी कैंट स्थित सभागार में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को विभागों में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने के निर्देश देते हुए शत प्रतिशत बजट खर्च करने की हिदायत देने के अलावा कार्यों में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की चेतावनी दी।

पर्यटन और संस्कृति मंत्री महाराज ने विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रसाद योजना के तहत श्री केदारनाथ के रूट पर अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए 34.78 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करते हुए भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की ओर से अब तक 27. 83 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

## अवैध शराब की रोकथाम के लिए छापेमारी में वृद्धि करने के दिए निर्देश

**समीक्षा**

■ आबकारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की समीक्षा की

**संवाददाता**



देहरादून। प्रदेश के आबकारी मंत्री यशपाल आर्य द्वारा आबकारी विभाग से सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ विधान सभा कक्ष में बैठक की समीक्षा की गयी।

बैठक में अवैध शराब की रोकथाम के लिए प्रवर्तन दल और छापेमारी में वृद्धि करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2021–22 में 2051 करोड रूपये के सापेक्ष 2267 करोड रूपये का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है, जो 114 प्रतिशत अधिक है। वर्तमान वर्ष में भी अभी तक 2207 करोड का लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। वसूली कार्य को गम्भीरता से लेने का निर्देश दिया गया।

आबकारी विभाग ढॉचे में कुल 626 पद के सापेक्ष 245 पद रिक्त चल रहे है। इस सम्बन्ध में सामान्य और बैकलाग के पद भरने के निर्देश दिये गये। पद आयोग को अधियाचन के लिए भेजे गये है।

विभाग के पुर्नगठन पर भी चर्चा की गई, जिससे प्रवर्तन कार्य में वृद्धि की जा सके। प्रवर्तन कार्य और वसूली कार्य में विशेष फोकस रखने के निर्देश दिया गया। बैठक में पिछले चार वर्षों में 93 करोड की वसूली नही हो पाने को गम्भीर माना गया है। इस सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि लापरवाही बरतने वाले जनपद स्तर के अधिकारी पर कार्यवाही की जाय। बाजपुर डिसलरी का कोटा बढाने के निर्देश दिये गये तथा कहा गया कि विदेशी मदिरा का कोटा बढ़ाने से बाजपुर डिसलरी को आर्थिक संकट से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर बैठक में सचिव आबकारी सचिन कुर्वे, अपर आयुक्त प्रशासन उदय सिंह राणा, अपर आयुक्त मुख्यालय ए0 आर0 सेमवाल, सयुक्त आयुक्त बी0 एस0 चौहान, रमेश सिंह एवं टी0के0 पन्त आदि सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### सीएम ने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये प्रदान की वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा क्षेत्र खानपुर के अन्तर्गत 10 विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये 1.85 करोड़, विधानसभा क्षेत्र टिहरी में विभिन्न 6 निर्माण कार्यों हेतु 2.63 करोड़, विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग के 3 निर्माण कार्यों हेतु 1.16 करोड़, तथा विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर के अधीन 5 निर्माण कार्यों हेतु 94.14 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर के अन्तर्गत रूद्रपुर शहर में गाबा चौक से डीडी चौक तक मार्ग चौड़ीकरण हेतु 1.68 करोड़, विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के अन्तर्गत मस्टखाल–उतिण्डा मार्ग के बन्दीला मार्ग से भरग्वाड़ी–दनिक बसाडी होते हुए कफोल मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.24 करोड़, विधानसभा क्षेत्र हल्द्वानी में नगर निगम काठगोदाम–हल्द्वानी क्षेत्र के अन्तर्गत सम्पर्क मार्गो के निर्माण हेतु 42.57 लाख प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।